दिन– शनिवार	दिनांक– 21 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।	अवधिः– 15 मिनट

---

01. पटना, सारण, भोजपुर और बक्सर समेत राज्य के दस जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं। साढे पांच लाख से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित।

02. केन्द्र सरकार ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में सीबीआई को पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी।

03. प्रदेश में भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यक्रम के तहत अब तक छत्तीस लाख से अधिक लोगों ने स्व–घोषणा पत्र दाखिल किया।

04. और, बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में एक हजार नौ सौ चौंसठ पदों पर होगी बहाली। आवेदन की प्रक्रिया अगले सप्ताह होगी शुरू।

---

पटना, सारण, भोजपुर और बक्सर समेत राज्य के दस जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। इन जिलों की साढे पांच लाख से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली और बेगूसराय जिले बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित है। इस बीच, आपदा प्रबंधन विभाग और स्थानीय प्रशासन की ओर से युद्धस्तर पर राहत कार्य चलाये जा रहे हैं। प्रभावित इलाकों में लोगों के लिए सामुदायिक रसोई घर की व्यवस्था के साथ ही पॉलिथिन शीट और दवाईयों समेत अन्य जरूरी सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बाढ़ प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस कर स्थिति की समीक्षा की। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल पटना और वैशाली जिले में गंगा नदी के बढते जलस्तर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति का हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को पूरी तरह अलर्ट रहने और बाढ़ की स्थिति का लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा, सोन, पुनपुन, घाघरा, बूढी गंडक और कोसी समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पटना जिले में गंगा नदी का जलस्तर लगातार खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। गंगा समेत अन्य सहायक नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से आठ अंचलों की लगभग नब्बे हजार से अधिक आबादी प्रभावित हुई है। पटना शहर में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद बिंद टोली के लोगों ने जे. पी. गंगा पथ पर शरण ली है। प्रशासन की ओर से यहां पर सामुदायिक रसोई घर का संचालन और मेडिकल कैम्प की शुरूआत की गयी है।

———बाईट———

सारण से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा और घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से छपरा शहर के प्रमुख इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है।

———बाईट———

उत्तर प्रदेश की सीमा के पास मांझी–बैरिया रोड पर एनएच–31 का बड़ा हिस्सा कटकर बह गया है, जिससे सारण का उत्तर प्रदेश से सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है। इससे कई वाहन दोनों ओर फंसे हुए हैं। इधर, जिले के रिविलगंज, सोनपुर और सदर प्रखंड के कई गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। वहीं, छपरा शहर के प्रमुख इलाके जैसे कोर्ट कैंपस, साहेबगंज चौक और जिलाधिकारी कार्यालय में भी पानी प्रवेश कर गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सारण से पवन कुमार सिंह।

बेगूसराय से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में दो लाख से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित है।

———बाईट———

गंगा के बढ़ते जल स्तर से बेगूसराय, बलिया, शामहो, बछवाड़ा, तेघडा, साहेबपुर कमाल, बरौनी, मटिहानी सहित नगर निगम में लाखों लोग प्रभावित हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की पहल पर जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाव और सामुदायिक किचन की व्यवस्था की है। मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर उनके लिए चारे का भी प्रबंध किया जा रहा है। वहीं, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सौ से अधिक विद्यालयों को बंद कर दिया गया है। प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार नजर बनाए हुए है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

इधर, वैशाली से हमारे संवाददाता मनोज कुमार सिंह ने बताया है कि जिले के राघोपुर प्रखंड में बाढ़ की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। प्रखंड के रूस्तमपुर, वीरपुर, सरायपुर और फतेहपुर समेत कई गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने बाढ़ प्रभावित राघोपुर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। वहीं, मुंगरे जिले में गंगा के जलस्तर में वृद्धि से जिले के कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मां चंडिका मेंदिर के गर्भ गृह में भी बाढ़ का पानी पहुंच गया है।

———बाईट———

जिले के प्रसिद्ध माँ चंडिका मंदिर के गर्भ गृह में बाढ़ का पानी प्रवेश करने से इसे बंद कर दिया गया है। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के मुख्य गेट पर पूजा की व्यवस्था की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

खगड़िया जिले में गंगा और गंडक नदी के जलस्तर में अचानक हुई वृद्धि से कई प्रखंड बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

जिले के परवत्ता, गोगरी से लेकर सदर प्रखंड खगड़िया तक बाढ का पानी फैल जाने से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुये हैं। गोगरी नगर परिषद क्षेत्र के मीरगंज और शारदा नगर के अलावे इटहरी, रामपुर, बौरना और बन्नी पंचायत के अधिकांश घरों तक बाढ़ का पानी पहुंच गया है। विस्थापित परिवार जी एन बांध पर शरण लिए हुए हैं। वहीं, प्रशासन की बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। इधर खगड़िया नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 30 के सैकड़ों घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने से विस्थापित परिवारों ने राहत मुहैया कराने की मांग को लेकर सड़क जाम किया। इस बीच, जिलाधिकारी अमित कुमार पांडे के निर्देश पर जिले के बाढ़ प्रभावित 56 विद्यालयों को दोबारा 24 सितंबर तक बंद कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

इधर, शेखपुरा जिले में गंगा की सहायक हरोहर और सोमे समेत अन्य नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से पानापुर और डीह कुसुम्भा समेत अन्य पंचायतों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। वहीं, धानुकटोला और घाटकुसुम्भा समेत कई विद्यालयों में बाढ़ का पानी प्रवेश करने से पठन पाठन भी प्रभावित हुआ है। प्रशासन की ओर से तटबंधों पर विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————————

जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने कहा है कि नदियों में अप्रत्याशित पानी आने के कारण बाढ़ की समस्या उत्पन्न हुई है। जल संसाधन विभाग ने इसे लेकर हाई अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया कि तटबंधों की रात्रि पेट्रोलिंग किये जाने के साथ ही कटाव निरोधक सामग्री का भंडारण भी किया जा रहा है।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई को पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने दिल्ली की अदालत को बताया है कि कथित घोटाले से जुडे भ्रष्टाचार के मामले में राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए केन्द्र से आवश्यक मंजूरी मिल गई है। मंजूरी के बाद सीबीआई ने कल दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में इससे जुडे दस्तावेज जमा कराये। सीबीआई ने अदालत से बचे हुए आरोपियों के खिलाफ मंजूरी हासिल करने के लिए और पन्द्रह दिनों का समय मांगा है। गौरतलब है कि अदालत ने इस घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके दोनों बेटे तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव तथा अन्य लोगों के खिलाफ समन जारी किया है। सभी आरोपियों को सात अक्टूबर को अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया गया है।

———————————————————————————

प्रदेश में भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यक्रम के तहत अब तक लगभग छत्तीस लाख लोगों ने स्व–घोषणा पत्र दाखिल किया है। इनमें से रैयतों ने लगभग पच्चीस

लाख स्व–घोषणा पत्र शिविरों में जाकर ऑफलाईन और ग्यारह लाख पत्र ऑनलाईन दाखिल किये हैं। राजस्व और भूमि सुधार विभाग की ओर से कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान विभागीय सचिव जय सिंह ने कहा कि प्रदेश के चार सौ पैंतालीस अंचलों में स्व घोषणा का कार्य चल रहा है। उन्होंने लोगों से सर्वे को लेकर अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा एक हजार नौ सौ चौंसठ पदों के लिए आयोजित की जायेगी। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनु भाई ने बताया कि सत्रह विभागों से एक हजार नौ सौ उनतीस पदों की अधियाचना प्राप्त हुई है। वहीं, दो अन्य विभागों द्वारा पैंतीस पदों की जानकारी दी गयी है। श्री मनु भाई ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया अगले सप्ताह तक शुरू होने की सम्भावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा का आयोजन एक से अधिक प्रश्न पत्रों के माध्यम से किया जा सकता है। प्रारंभिक परीक्षा नवम्बर के तीसरे या चौथे सप्ताह तथा मुख्य परीक्षा फरवरी या मार्च महीने में आयोजित की जायेगी।

———————————————————————

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा, सीटीईटी अब पन्द्रह दिसम्बर को आयोजित की जायेगी। सीबीएसई ने प्रशासनिक कारणों से तिथियों में संशोधन किया है। पहले यह परीक्षा एक दिसम्बर को आयोजित होनी थी। परीक्षा के लिए अभ्यर्थी सोलह अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

———————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने बालू के अवैध खनन मामले में बालू माफिया पुंज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुंज सिंह को कल ईडी के पटना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश किया गया। वहां से कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में लेने के बाद एक अक्टूबर तक के लिए बेउर जेल भेज दिया है।

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले चौबीस घंटो के दौरान डेंगू के एक सौ अड़तालीस नये मामलों की पुष्टि हुयी है। पटना में छिहत्तर मरीज मिले हैं। राज्य में अबतक डेंगू के दो हजार दो सौ इकतालीस मामलों की पुष्टि हो चुकी है। एम्स नई दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नीरज निश्चल ने कहा कि डेंगू मरीजों में प्लेटलेट्स की संख्या कम होना एक सामान्य प्रक्रिया है। इसे लेकर घबराने की जरूरत नहीं है।

———————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से कल भारत–नेपाल मैत्री यात्रा टूरिस्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दस दिन की भारत–नेपाल मैत्री यात्रा, भारत और नेपाल के धार्मिक स्थलों पर जाएगी। यात्रा के दौरान पर्यटक अयोध्या, वाराणसी और सीतामढी तथा नेपाल में जनकपुर, काठमांडू और पोखरा में पर्यटक स्थलों का दर्शन कर सकेंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि इस गौरव यात्रा ट्रेन से सीतामढी तक का सफर तय किया जाएगा और आगे की यात्रा सड़क तथा हवाई मार्ग से पूरी की जाएगी।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे त्यौहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए राजगीर–तिलेया और राजेन्द्र नगर–गया के बीच एक–एक जोड़ी विशेष ट्रेन का परिचालन करेगा। यह ट्रेन आज से एक नवम्बर तक चलायी जायेगी। वहीं, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की होने वाली परीक्षा के लिए रेलवे आज से रांची–पटना परीक्षा ट्रेन की शुरूआत कर रहा है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– गृह मंत्रालय से लालू पर मुकदमा चलाने की मंजूरी।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– गंगा के बढ़ते जलस्तर पर सीएम ने किया अलर्ट।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– तिरूपति प्रसादम मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। केन्द्र ने मांगी रिपोर्ट।

प्रभात खबर लिखता है– दरभंगा एम्स का अगले महीने शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. पटना, सारण, भोजपुर और बक्सर समेत राज्य के दस जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं। साढे पांच लाख से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित।

02. केन्द्र सरकार ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में सीबीआई को पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी।

03. प्रदेश में भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यक्रम के तहत अब तक छत्तीस लाख से अधिक लोगों ने स्व–घोषणा पत्र दाखिल किया।

04. और, बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में एक हजार नौ सौ चौंसठ पदों पर होगी बहाली। आवेदन की प्रक्रिया अगले सप्ताह होगी शुरू।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।